उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## सोमवार, 28 माघ, शक संवत्, 1935

**( दिनांक : 17 फरवरी, 2014 )**

**समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न**

1. प्रश्न (देखिए नत्थी **"क"**)

2. निधन के निदेश।

3. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

4. सभापति, प्रवर समिति, उत्तराखण्ड कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक 2014 पर गठित प्रवर समिति का प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे।

5. श्री चन्दन राम दास, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद बागेश्वर के जनता पूर्व जूनियर हाईस्कूल भिटारकोट सवित्त मान्यता दिये जाने के सम्बन्ध में'' श्री देवीदत्त पाठक, निवासी-ग्राम थाकला, पो0-बन्तोली, जनपद- बागेश्वर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

6. डा0 जीतराम, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद चमोली विकास खण्ड कर्णप्रयाग के अन्तर्गत स्थान नैनीसैंण में एक ऐलोपैथिक चिकित्सालय खोले जाने के सम्बन्ध में'' श्री गबर सिंह नेगी, निवासी ग्राम खत्याड़ी, पो0 नैनीसैंण, जनपद-चमोली एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

7. डा0 जीतराम, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद चमोली के विकास खण्ड गैरसैंण स्थान नन्दासैंण में डिग्री कालेज खोले जाने के सम्बन्ध में'' श्री राजेन्द्र सिंह रावत, निवासी-ग्राम माथर, पो0 देवलकोट, जनपद-चमोली एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

8. डा0 जीतराम, सदस्य, विधान सभा ''जनपद चमोली के विकास खण्ड कर्णप्रयाग के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्णप्रयाग में स्नातकोत्तर स्तर पर गणित और भौतिक विषय खोले जाने के सम्बन्ध में'' श्री हरीश चौहान, निवासी-प्रेम नगर, कर्णप्रयाग, जनपद-चमोली एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

9. डा0 जीतराम, सदस्य, विधान सभा ''जनपद चमोली के विकास खण्ड कर्णप्रयाग के स्थान गौचर में इंजीनियरिंग कालेज खोले जाने के सम्बन्ध में'' श्री विजय प्रसाद डिमरी, निवासी-ग्राम सैल, पो0-गौचर, जनपद चमोली एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

10. डा0 जीतराम, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद चमोली के विकास खण्ड कर्णप्रयाग में पिण्डर नदी के दोनों तरफ सुभाष-नगर से कर्ण मन्दिर तक बाढ़ सुरक्षा हेतु तटबंधों का निर्माण किये जाने के सम्बन्ध में'' श्री हरीश सती, निवासी-सुभाषनगर, कर्णप्रयाग, जनपद-चमोली एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

11. डा0 जीतराम, सदस्य, विधान सभा ''जनपद चमोली के विकास खण्ड गैरसैंण के अन्तर्गत गैरसैण डिग्री कालेज में विज्ञान संकाय तथा स्नातकोत्तर स्तर पर कला संकाय विषय खोले जाने के सम्बन्ध में'' श्री पूरण सिंह नेगी, निवासी-ग्राम व पो0- गैरसैंण, जनपद-चमोली एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

12. श्री सहदेव सिंह पुण्डीर, सदस्य, विधान सभा ''जनपद देहरादून के विकास खण्ड सहसपुर के ग्राम मांडूवाला, लोअर कण्डौली, कॉसवाली के आवागमन हेतु मार्ग एवं पुल के निर्माण कराने के सम्बन्ध में'' श्री हरनाम सिंह, निवासी-ग्राम मांडूवाला, लोअर कण्डौली, कॉसवाली, विकास खण्ड सहसपुर, जनपद-देहरादून एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

13. श्री सहदेव सिंह पुण्डीर, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद देहरादून के विकास खण्ड विकास नगर के ग्राम ढलानी के मुख्य मार्ग ढलानी लोअर की दयनीय स्थिति के सुधार कराने के सम्बन्ध में'' श्री मगन लाल, निवासी-ग्राम ढलानी, विकास खण्ड-विकास नगर, जनपद-देहरादून एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

14. श्री सहदेव सिंह पुण्डीर, सदस्य, विधान सभा 'जनपद देहरादून के विकास खण्ड सहसपुर मिसरास से ग्राम डूंगा कच्चे मार्ग की दयनीय स्थिति का सुधार कराने के सम्बन्ध में'' श्री दीवान सिंह, निवासी-ग्राम मिसरास, विकास खण्ड-सहसपुर, जनपद-देहरादून एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

15. श्री चन्दन राम दास, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद बागेश्वर के कठपुड़ियाछीना काफलीगैर में खाद्य गोदाम खोले जाने के सम्बन्ध में'' श्री नवीन चन्द्र, निवासी- ग्राम बिलोरी, पो0-काफलीगैर, जनपद-बागेश्वर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

16. श्री चन्दन राम दास, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद बागेश्वर के ग्राम सभा खोली, मजबे, डुगरगांव के स्वीकृत मोटर मार्ग का निर्माण कराये जाने के सम्बम्ध मे'' श्री नन्दन सिंह रावत, निवासी-ग्राम अमतौड़ा, पो0 क्वैराली, जनपद-बागेश्वर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

17. श्री ललित फर्स्वाण, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद बागेश्वर के राजकीय इण्टर कालेज कांडा में लम्बे समय से रिक्त पदों पर नियुक्ति के सम्बन्ध में'' श्री जीवन लाल वर्मा, निवासी-ग्राम सुनारगांव, पो0 कांडा, जनपद-बागेश्वर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

18. श्री ललित फर्स्वाण, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद बागेश्वर के राजकीय इण्टर कालेज कांडा में पेयजल आपूर्ति के सम्बम्ध में'' श्री जीवन लाल वर्मा, निवासी-ग्राम सुनारगांव, पो0 कांडा, जनपद-बागेश्वर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

19. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

20. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

21. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

22. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड मूल्य वर्धित कर (संशोधन) विधेयक, 2014 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

23. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड मूल्य वर्धित कर (संशोधन) विधेयक, 2014 को पुरःस्थापित करेंगे।

24. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

25. वित्तीय वर्ष 2014-2015 के आय-व्ययक की अनुदान मांगों पर चर्चा एवं मतदान :-

(1) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2015 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-12 चिकित्सा एवं परिवार कल्याण के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए **रूपये 14229219 हजार (रूपये एक हजार चार सौ बाईस करोड़ बयानवे लाख उन्नीस हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(ख)** )

(2) ग्राम्य विकास मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2015 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-19 ग्राम्य विकास के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए **रूपये 10755250 हजार (रूपये एक हजार पचहत्तर करोड़ बावन लाख पचास हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(ख)** )

(3) खाद्य मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2015 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-25 खाद्य के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए **रूपये 2331196 हजार (रूपये दो सौ तैंतीस करोड़ ग्यारह लाख छियानबे हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(ख)** )

(4) पर्यटन मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2015 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-26 पर्यटन के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए **रूपये 1652566 हजार (रूपये एक सौ पैंसठ करोड़ पच्चीस लाख छियासठ हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(ख)** )

(5) उद्यान मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2015 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-29 औद्यानिक विकास के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए **रूपये 1296072 हजार (रूपये एक सौ उन्तीस करोड़ साठ लाख बहत्तर हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(ख)** )

(6) शिक्षा मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2015 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-11 शिक्षा, खेल एवं युवा कल्याण तथा संस्कृति के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए **रूपये 53088303 हजार (रूपये पांच हजार तीन सौ आठ करोड़ तिरासी लाख तीन हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(ख)** )

(7) पेयजल मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2015 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-13 जलापूर्ति, आवास एवं नगर विकास के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए **रूपये 13551968 हजार (रूपये एक हजार तीन सौ पचपन करोड़ उन्नीस लाख अड़सठ हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(ख)** )

(8) कृषि मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2015 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-17 कृषि कर्म एवं अनुसंधान के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए **रूपये 5243884 हजार (रूपये पांच सौ चौबीस करोड़ अड़तीस लाख चौरासी हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(ख)** )

**26.** नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

**27.** विधान सभा क्षेत्र नानकमत्ता के अन्तर्गत चैतुआखेड़ा से ज्ञानपुर गौढ़ी मार्ग तथा निहाई नदी एवं चैतुआखेड़ा-देवीपुर मार्ग पर बरसाती नाले पर पुल के निर्माण न होने से उत्पन्न स्थिति के संबंध में श्री प्रेम सिंह राना, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 12 फरवरी, 2014 को दी गई सूचना पर, मुख्यमंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत वक्तव्य।

**28.** विधान सभा क्षेत्र सल्ट के अन्तर्गत रा0इ0का0 जौरासी की अनदेखी से व्याप्त असंतोष के संबंध में श्री सुरेन्द्र सिंह जीना, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 12 फरवरी, 2014 को दी गई सूचना पर, शिक्षा मंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत केवल वक्तव्य।

**आज्ञा से,**

**देहरादून :**

**दिनांक : 16 फरवरी, 2014**

**(जगदीश चन्द्र)**
**सचिव।**

प्रथम सत्र, 2014
का द्वितीय सोमवार

# उत्तराखण्ड विधान सभा

# की कार्यसूची

## सोमवार, 28 माघ, शक संवत्, 1935

## ( दिनांक : 17 फरवरी, 2014 )

# नत्थी ''क''

## तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री पुष्कर सिंह धामी<br>18.12..2013 | *1. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के विधान सभा क्षेत्र खटीमा में चकरपुर–गौहरपटिया होते हुए दिगराबाग तक ए0डी0बी0 योजना के अन्तर्गत स्वीकृत मोटर मार्ग जिसका डी0पी0आर0 भी शासन में समयान्तर्गत भेजा जा चुका है पर अभी तक कार्य प्रारम्भ न होने के क्या कारण हैं ? उक्त मार्ग बनाये जाने का कार्य कब तक शुरू हो जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री मयूख महर<br>19.12..2013 | *2. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ के प्रान्तीय खण्ड में वर्ष 2002 से 2013 तक कितने मोटर मार्ग स्वीकृत हुये हैं ? इन मोटर मार्गों की प्रत्येक की लम्बाई कितने कि0मी0 थी व प्रत्येक मार्ग हेतु कितने धन का प्राविधान रखा गया था ? क्या उक्त मोटर मार्ग पूर्ण हो चुका है ? यदि हां, तो कौन कौन से कितने ऐसे मार्ग हैं जिनका धन समाप्त हो चुका है किन्तु कार्य अपूर्ण है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि स्वीकृत रोड के धन आवंटन को अन्यत्र कार्य में व्यय किया गया है ? यदि हां, तो किस नियम के तहत ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री नवप्रभात<br>19.12..2013 | *3. क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड इलैक्ट्रीसिटी रैग्यूलेटरी अथौरिटी के आदेश दिनांक 21 अक्टूबर, 2009 द्वारा उत्तराखण्ड जल विद्युत निगम को अपने पॉवर प्लान्टस की बैन्च मार्क स्टडी कराने के आदेश दिये थे ? यदि हां, तो क्या उत्तराखण्ड जल विद्युत निगम द्वारा यह स्टडी करा ली गयी है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **ऊर्जा** |
| श्री नवप्रभात<br>19.12..2013 | *4. क्या उद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विकासखण्ड पुरोला तथा विकासखण्ड मोरी व उससे लगे हुये अन्य क्षेत्रों में सिलीका नामक खनिज की उपलब्धता है ? यदि हां, तो खनिज के विदोहन के लिये सरकार द्वारा क्या नीति तय की गयी है ? | **उद्योग** |

श्री नवप्रभात
19.12..2013

*5. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में निजी क्षेत्र के विनिवेश से जल विद्युत परियोजनाओं को ''विकसित'' करने के विषय में सरकार की क्या नीति है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि गत 01 वर्ष में कितने प्रस्ताव सरकार को प्राप्त हुए हैं तथा उन पर क्या कार्यवाही की गयी है ?

**ऊर्जा**

श्री पुष्कर सिंह धामी
24.12.2013

*6. क्या सैनिक कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि भारतीय सेनाओं में देश सेवा मे तत्पर उत्तराखण्ड के नागरिकों द्वारा दी गई शहादत का सम्मान करते हुए राज्य सरकार द्वारा ऐसे शहीदों के परिवारजनों को कोई सहायता राशि एवं सुविधायें दी जाती है ? यदि हां, तो कितनी सहायता राशि एवं कौन कौन सी सुविधायें दी जाती हैं ? यदि नही, तो क्या राज्य सरकार अन्य राज्यों की भांति इस राज्य के शहीदों के परिवारजनों को सहायता राशि एवं सुविधायें दिये जाने हेतु प्राविधान करेगी ?

**सैनिक कल्याण**

श्री भीमलाल आर्य
27.12.2013

*7. क्या लो0नि0वि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि दैवीय आपदा की दृष्टि से सरकार दुनिया के पर्यटकों, तीर्थ यात्रियों के अत्यधिक सुविधाजनक, चार धामों को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण अतिसुगम, बहुआयामी ''भटवाड़ी–सौरासारी– दुगड्डा–बेलक–झाला–बूढ़ाकेदार–विनकखाल–कल्दी–हटकुणी–भाटगांगव–घुत्तू–पावली–त्रिजुगीनारायण–केदारनाथ'' मोटर मार्ग का निर्माण करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

**लोक निर्माण**

डा0 जीतराम
30.12.2013

*8. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि 16–17 जून को आयी भीषण बाढ़ से थराली व राड़ीवगड़ के बीच पूरी सड़क नदी में समा गयी थी तथा कई घरों को खतरा बना हुआ है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पुनर्निर्माण व सुरक्षा दीवार बनायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

**लोक निर्माण**

डा0 जीतराम
30.12.2013

*9. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में विगत 16–17 जून को आयी भीषण बाढ़ में पिंडर नदी व उसकी सहायक नदियों में बहे पुलों का पुनर्निर्माण होगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

**लोक निर्माण**

श्री आदेश चौहान
27.12.2013

*10. क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि हरिद्वार विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित की गई पुनर्वास कालोनी विष्णु लोक में विद्युत विभाग द्वारा मकान नां0 1, 1087, 1086, 1047, 1007, 1006, 1096, के उपर से विद्युत लाइनें जाने से कई दुर्घटनायें घट चुकी हैं तथा पीड़ित परिवार लगातार उक्त विद्युत लाइनों को स्थानान्तरित करने की मांग कर रहे हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार इन विद्युत तारों को स्थानान्तरित करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

**ऊर्जा**

कुंवर प्रणव सिंह ''चैम्पियन''
30.12.2013

*11. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय की बैंच की स्थापना पर विचार किया जा रहा है ? यदि हां, तो क्या न्यायहित में सरकार सस्ता व सुलभ न्याय जनता को दिलवाये जाने हेतु मा0 उच्च न्यायालय की पीठ जनपद हरिद्वार में स्थापित करने हेतु कार्यवाही करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

**न्याय**

| | | |
|---|---|---|
| कुंवर प्रणव सिंह ''चैम्पियन'' 30.12.2013 | *12. क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार में राजकीय महाविद्यालय–लक्सर, विगत 12 (बारह) वर्ष से जर्जर, जीर्ण शीर्ण भवन में चलाया जा रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा उक्त महाविद्यालय को अन्यत्र स्थापित करने हेतु भूमि चयनित की गई है ? यदि हां, वह भूमि कितनी है तथा किस स्थल पर स्थित है तथा क्या उक्त भूमि का उच्च शिक्षा विभाग द्वारा अधिग्रहण कर लिया गया है ? क्या शासन द्वारा कोई धनराशि उक्त महाविद्यालय के निर्माण हेतु सुनिश्चित की गई है तथा कब तक वह अवमुक्त कर दी जायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **उच्च शिक्षा** |
| श्री प्रेम चन्द अग्रवाल 31.12.2013 | *13. क्या नागरिक उड्डयन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान में राज्य के पास कितने हैलीकाप्टर तथा हवाई जहाज हैं ? क्या सरकार नये हैलीकाप्टर खरीदने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो उसकी लागत क्या है तथा कितने हैलीकाप्टर क्रय करने की योजना है तथा इससे राज्य पर कितना आर्थिक बोझ पड़ेगा ? | **नागरिक उड्डयन** |
| श्री प्रेम चन्द अग्रवाल 31.12.2013 | *14. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र ऋषिकेश में जनमानस पर जंगली जानवरों द्वारा किये जा रहे आक्रामक हमलों की रोकथाम हेतु सरकार द्वारा रिहायशी क्षेत्रों में सुरक्षा के प्रबन्ध एवं तार बाड़ की व्यवस्था करायी जायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **वन** |
| कुंवर प्रणव सिंह ''चैम्पियन'' 31.12.2013 | *15. क्या गृह मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून में मोहण्ड से देहरादून तक पर्वतीय मार्ग है ? यदि हां, तो क्या यह सत्य है कि उस घुमावदार पर्वतीय मार्ग पर अति विशाल ट्रकों, ट्रलरों, केबिन ट्रकों के आवागमन के कारण यातायात अवरूद्ध होता है ? यदि हां, तो क्या सरकार डॉट काली मन्दिर से पूर्व इन विशालकाय वाहनों को रोके जाने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्या सरकार उ0प्र0 सरकार से आग्रह कर जनहितार्थ उक्त वाहनों को धर्माटकों तथा पर्यटकों की सुरक्षा एवं यात्रा को सुगम बनाने की दृष्टि से मोहण्ड से पूर्व किसी अन्य वैकल्पिक मार्ग द्वारा उनके गन्तब्य तक जाने हेतु व्यवस्था करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **गृह** |
| श्री भीमलाल आर्य 31.12.2013 | *16. **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त।**<br>क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्याधीन सेवाओं के अन्तर्गत स्थाई एवं अस्थाई पदों पर आउट सोर्सिंग/संविदा के माध्यम से अब तक कुल कितने बेरोजगारों/सेवायोजन किया गया है ? क्या सेवायोजन में आरक्षण का प्राविधान लागू किये जाने संबंधी कार्मिक विभाग के शासनादेश संख्या 426/गगग/2012–13(2)/2006 दिनांक 25 मई, 2012 के क्रम में विभिन्न विभागों में अनुसूचति जाति/अनुसूचित जन जाति एवं पिछड़ी जाति के अभ्यर्थियों को प्राविधान के अनुसार सेवायोजित किया गया है ? यदि हां, तो क्या शासनादेश का प्रस्तर–5 भी त्रुटिपूर्ण है को संशोधित किया गया ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त शासनादेश के अनुपालन में माह अगस्त, 2013 तक आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों का माह/विभागवार विवरण तथा बैकलॉग रिक्तियों का (वर्ष 2012 तक) विवरण की अविलम्ब उपलब्ध करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **कार्मिक** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री दलीप सिंह रावत<br>01.01.2014 | *17. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के लैन्सडौन विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत कितने पूल, सड़कें एवं पेयजल योजनाओं के अनापत्ति प्रमाण पत्र लम्बित हैं तथा इनके विलम्ब के क्या कारण हैं एवं उनका विवरण क्या है ? क्या विलम्ब करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कोई कार्यवाही की जा रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **वन** |
| श्री आदेश चौहान<br>02.01.2014 | *18. क्या वन एवं पर्यावरण मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार के अन्तर्गत सिडकुल क्षेत्र में स्थित उद्योगों से कैमिकल युक्त विषैला गन्दा पानी लगातार बरसाती नदी द्वारा गंगा नदी में मिलने से गंगा नदी में प्रदूषण बढ़ रहा है ? यदि हां, तो सरकार गंगा में बढ़ रहे प्रदूषण को रोकने के क्या उपाय कर रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **वन एवं पर्यावरण** |
| श्री आदेश चौहान<br>02.01.2014 | *19. क्या पर्यावरण मंत्री अवगत हैं कि सिडकुल हरिद्वार के अनेकों उद्योगों द्वारा केमिकल युक्त प्रदूषित पानी जमीन में बोर कर भूजल में मिलाया जा रहा है जिस कारण आस पास के गांव का पानी लगातार प्रदूषित होता जा रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार इसकी रोक थाम के उपाय कर रही है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पर्यावरण** |
| डा0 जीतराम<br>02.01.2014 | *20. **तृतीय बुधवार के तारा0 03 में स्थाना0**<br>क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत देवप्रयाग–व्यासघाट मोटर मार्ग का निर्माण कब पूर्ण किया गया है और इस मार्ग के निर्माण/पुनर्निर्माण तथा अनुरक्षण पर अब तक कितनी धनराशि व्यय की गई है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि इस मार्ग के बस सेवाओं का सुरक्षित संचालन हेतु उपलब्ध करवाने के संबंध में अब तक किन–किन जनप्रतिनिधियों से कितने कितने पत्र/प्रत्यावेदन/ज्ञापन प्राप्त हुए हैं और इन पर क्या–क्या कार्यवाही की गई है तथा कब तक इस मार्ग को भारी वाहनों/बस सेवाओं के सुरक्षित संचालन हेतु उपलब्ध करवाए जाने की संभावना है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि इस विलम्ब के कारण क्या हैं तथा इसके प्रति कौन उत्तरदायी हैं ? | **लोक निर्माण** |

## अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रेम चन्द अग्रवाल<br>01.01.2014 | 01. **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त।**<br>क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मार्च, 2012 से फरवरी, 2013 के मध्य उनके द्वारा कितनी घोषणायें की गयी तथा उनमें से कितनी पूर्ण हुयी तथा कितनी प्रक्रियाधीन हैं ? क्या मुख्यमंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि सभी घोषणाओं को पूर्ण करने में कितना धन व्यय होने का अनुमान है तथा घोषणायें पूर्ण होने हेतु क्या लक्ष्य निर्धारित किया गया है ? क्या वर्ष 2013 में सभी घोषणायें पूर्ण हो जायेंगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **मुख्यमंत्री कार्यालय** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रेम चन्द्र अग्रवाल 02.01.2014 | 02. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड (पिटकुल) द्वारा जनपद देहरादून के झांझरा में निर्माणाधीन सब स्टेशन के लिये ट्रांसफार्मर खरीदने हेतु निविदायें आमंत्रित की गयी थीं ? यदि हां, तो कितनी क्षमता के ट्रांसफार्मर हेतु कितनी–कितनी निविदायें आयीं ? क्या चयनित निविदाता संबंधित क्षमता के ट्रांसफार्मर अधिष्ठापन हेतु अधिकृत नहीं थे ? यदि हां, तो क्या सरकार प्रकरण की जांच करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **ऊर्जा** |
| श्री प्रेम चन्द्र अग्रवाल 02.01.2014 | 03. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून के अन्तर्गत ऋषिकेश विधानसभा क्षेत्र में सत्यनारायण से गौहरमाफी तक सड़क निर्माण का कार्य प्रारम्भ हो गया है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री प्रेम चन्द्र अग्रवाल 02.01.2014 | 04. क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि ऋषिकेश वि0स0 क्षेत्र में महिला महाविद्यालय स्थापित किया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **उच्च शिक्षा** |
| श्री प्रेम चन्द्र अग्रवाल 02.01.2014 | 05. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि ऋषिकेश स्थित लोक निर्माण विभाग की आवासीय कालोनी के भवन जीर्ण शीर्ण अवस्था में है ? यदि हां, तो उक्त आवासों का पुर्नरक्षण का कार्य कब तक करवाया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री प्रेम चन्द्र अग्रवाल 02.01.2014 | 06. क्या वन मंत्री अवगत हैं कि ऋषिकेश में स्थित वन विभाग की आवासीय कालोनी की वर्षों से मरम्मत नहीं हुई है और चार दीवारी भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त है ? यदि हां, तो उक्त कालोनी की मरम्मत एवं दीवार उठाने का कार्य कब तक प्रारम्भ कर दिया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **वन** |
| डा0 जीतराम 02.01.2014 | 07. क्या धर्मस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में मन्दिरों के सौन्दर्यीकरण हेतु वर्तमान तक प्राप्त प्रस्तावों का जनपदवार विवरण क्या है तथा इन प्रस्तावों पर विभाग द्वारा की गई कार्यवाही का योजनावार विवरण क्या है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि कब तक इन मन्दिरों का सौन्दर्यीकरण हेतु आवश्यक धनराशि स्वीकृत की जायेगी ? | **धर्मस्व** |
| डा0 जीतराम 02.01.2014 | 08. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड कोट के अन्तर्गत उमरासू–धिण्डवाड़ा मोटर मार्ग निर्माण से आ रहे मलवे के कारण देवप्रयाग–व्यासघाट मोटर मार्ग पर अभी तक बस सेवाओं का संचालन प्रारम्भ नहीं किया गया है ? यदि हां, तो उमरासू–धिण्डवाड़ा मोटर मार्ग की दूरी क्या है तथा इस मार्ग पर कितनी कितनी दूरी पर कुल कितने मोड़ दिए गए हैं ? क्या यह भी सत्य है कि उमरासू से उपर बार बार स्लिप आने, पुस्ते गिरने के कारण देवप्रयाग–व्यासघाट मोटर मार्ग भी बस सेवाओं के सुरक्षित यातायात हेतु उपलब्ध नहीं हो पा रहा है ? यदि हां, तो इसके प्रति कौन उत्तरदायी है और यदि नही तो देवप्रयाग–व्यासघाट मोटर मार्ग के ग्राम उमरासू से धिण्डवाड़ा मोटर मार्ग के निर्माण का औचित्य क्या है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि उमरासू पुल से रन्डीगाड गधेरे के उपर से अधिकाधिक गावों को जोड़ते हुए इस मार्ग को धिण्डवाड़ा तक मिलाया गया है ताकि देवप्रयाग–व्यासघाट मोटर मार्ग को यातायात हेतु सुरक्षित रखा जा सके ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री महावीर सिंह रांगड़ 02.01.2014 | 09. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधासभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत बी0बी0 रोड के कि0मी0 79, स्थान जाखधार में बरसात के समय हर वर्ष भूस्खलन होने के कारण मार्ग पूर्णतया घ्वस्त हो जाता है जिस कारण महीनों तक आवागमन बन्द रहता है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर वैकल्पिक मार्ग बनाने हेतु विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री महावीर सिंह रांगड़ 02.01.2014 | 10. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधासभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत साबली–मैण्डखाल मोटर मार्ग के अवशेष कार्य की स्वीकृति प्रस्तावित है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री महावीर सिंह रांगड़ 02.01.2014 | 11. क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत बनियान धार से खार्द तक का विद्युतीकरण आज तक नहीं हुआ है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर विद्युतीकरण करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **ऊर्जा** |
| श्री विक्रम सिंह नेगी 02.01.2014 | 12. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि प्रतापनगर टिहरी मोटरमार्ग (पी0टी0 रोड) का डामरीकरण व चौड़ीकरण कार्य ए0डी0बी0 द्वारा विगत चार वर्षों से हो रहा है लेकिन मात्र 05 कि0मी0 पर ही डामरीकरण का कार्य किया गया ? यदि हां, तो सड़क पर अब तक कुल कितनी धनराशि खर्च हुई है तथा सड़क किन कारणों से नहीं बन पा रही है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि उक्त सड़क कब तक पूर्ण हो जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री चन्दन राम दास 02.01.2014 | 13. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में सरकार सरकारी नौकरियों में सेवा की उम्र पूर्व की भांति 40 वर्ष करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **कार्मिक** |
| श्री चन्दन राम दास 02.01.2014 श्री तीरथ सिंह रावत 09.01.2014 | 14. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पर्वतीय क्षेत्रों में बंदरों को पकड़ कर उन्हे कहीं रखने व उनके वदियाकरण की कोई योजना है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो पर्वतीय क्षेत्र में कृषि, बागवानी आदि को संरक्षित करने हेतु सरकार कोई विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **वन** |
| श्री चन्दन राम दास 02.01.2014 | 15. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विकास कार्यों हेतु वन विभाग में भूमि हस्तांतरण की कार्यवाही में कितना समय लगता है ? क्या भूमि हस्तांतरण के प्रकरण एक निश्चित समय पर नहीं किये जा सकते हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार इसके लिये कोई ठोस नीति बना रही है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **वन** |
| श्री प्रेम चन्द अग्रवाल 03.01.2014 | 16. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य निर्माण के आन्दोलनकारियों को सरकार राज्य निर्माण सेनानी घोषित करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों नहीं ? | **गृह** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रेम चन्द अग्रवाल 03.01.2014 | 17. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य आन्दोलनकारियों को दिये जाने वाली सुविधाओं के शासनादेश हुए हैं ? यदि हां, तो क्या इनको वैधानिक मान्यता विधेयक के रूप में प्रदान की गई है ? | **गृह** |
| श्री प्रेम चन्द अग्रवाल 03.01.2014 | 18. क्या गृह मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून में रायपुर विकास खण्ड के थानों न्याय पंचायत के नाहींकला, हल्द्वाड़ी सहित छः गांवों का पुलिस थाना ऋषिकेश थानान्तर्गत श्यामपुर चौकी है जो पर्वतीय क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति के साथ साथ बहुत ज्यादा दूरी पर है ? यदि हां, तो क्या इन ग्राम सभाओं के ग्रामीणों की कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा हेतु इनको निकटवर्ती पुलिस थाने से जोड़ा जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **गृह** |
| श्री प्रेम चन्द अग्रवाल 06.01.2014 | 19. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या सरकार जंगली जानवरों द्वारा नष्ट की जा रही फसल एवं जनहानि की वर्तमान में मुआवजा राशि क्या है ? क्या सरकार इसे बढ़ाने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक और कितना ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **वन** |
| डा0 जीतराम 06.01.2014 | 20. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत उमरासू–धिण्डवाड़ा मोटर मार्ग निर्माण से देवप्रयाग–व्यासघाट मोटर मार्ग पर आए भारी मलवे के कारण देवप्रयाग–व्यासघाट मोटर मार्ग बस सेवाओं के संचालन हेतु उपलब्ध नहीं किया गया है ? यदि हां, तो उमरासू–घिण्डवाड़ा मोटर मार्ग निर्माण से देवप्रयाग–व्यासघाट मोटर मार्ग पर आये मलवे की पूरी तरह सफाई न किए जाने के कारण क्या है तथा इसके प्रति कौन उत्तरदायी है और कब तक देवप्रयाग–व्यासघाट मोटर मार्ग पर आए मलवे की पूरी तरह सफाई की जायेगी ? | **लोक निर्माण** |
| श्री विक्रम सिंह नेगी 06.01.2014 | 21. क्या चिकित्सा शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड में जो पैरामेडिकल डिप्लोमा एवं डिग्री धारक लगभग दस वर्षों से बेरोजगार है जिनमें से अधिकांश नौजवानों की उम्र 35 वर्ष से उपर हो चुकी है ? क्या यह सत्य है कि नौजवानों का पंजीकरण कांउसिल में नहीं हो रहा है बिना जंजीकरण के कोई भी डिप्लोमा धारी व डिग्रीधारी प्राईवेट/सरकारी/अर्ध सरकारी संस्थान में नौकरी नहीं कर सकते एवं न ही निजी अस्पताल चला सकते हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि उत्तराखण्ड सरकार ने पैरामेडिकल कांउसिल का गठन कब किया तथा क्या सरकार पैरामैडिकल कांउसिल पंजीकरण की नियमावली बना रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **चिकित्सा शिक्षा** |
| श्री महावीर सिंह रांगड़ 03.01.2014 | 22. क्या सैनिक कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पूर्व सैनिकों को सी0एस0डी0 कैन्टीन/सी0एस0डी0 डिपो से सभी कम्पनियों के टूव्हीलर खरीदने की सुविधा है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **सैनिक कल्याण** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 03.01.2014 | 23. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि सल्ट विधान सभा के 40 सड़कों के वन भूमि प्रस्ताव वर्षों से लम्बित हैं ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी शीघ्र वन भूमि स्वीकृति प्राप्त करने की कार्यवाही कर शीघ्र सड़क निर्माण कराने हेतु कोई कार्यवाही करेंगे ? यदि हां, तो क्या और कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>03.01.2014 | 24. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि राष्ट्रीय राजमार्ग सं0 121 (नया स0309) के कि0मी0 42,43,44 एवं 46 में जो नैनीताल जिले के रामनगर–मोहान के बीच है में प्रत्येक वर्ष बरसात के समय पानी आने से जानमाल की क्षति व जनता को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है ? यदि हां, तो क्या राज्य सरकार द्वारा भारत सरकार को शीघ्र ही इन स्थानों पर ओवर ब्रिज बनाने हेतु कोई प्रस्ताव या निवेदन भेजे गये हैं ? यदि हां, तो तद् संबंधित विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री चन्द्रशेखर<br>03.01.2014 | 25. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र ज्वालापुर हरिद्वार में राज्य योजना के अन्तर्गत कई सड़कों के प्रस्ताव शासन स्तर पर लम्बित पड़े हैं ? यदि हां, तो सरकार द्वारा लम्बित प्रस्ताव पर निर्माण कार्य कब तक किये जायेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री चन्द्रशेखर<br>03.01.2014 | 26. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र ज्वालापुर के अन्तर्गत ग्राम हसना वाला, व ग्राम गाजॉ, मजरा में नदी के उपर पुल के निर्माण के संबंध में 2012 में मा0 मुख्यमंत्री जी ने घोषणा की थी ? यदि हां, तो क्या उक्त घोषणा पर सरकार निर्माण कार्य करने की कोई योजना बना रही है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री यतीश्वरानन्द<br>06.01.2014 | 27. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र हरिद्वार ग्रामीण के अन्तर्गत ग्राम पंचायत लालढांग व ग्राम पंचायत रसूलपुर मीटीबेरी के मध्य पड़ने वाले रवासन नदी के पुल का निर्माण कार्य प्रारम्भ हो चुका है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नही, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री यतीश्वरानन्द<br>06.01.2014 | 28. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र हरिद्वार ग्रामीण के अन्तर्गत ग्राम पंचायत आदर्श टिहरी नगर की आन्तरिक सड़कें काफी क्षतिग्रस्त हो गयी जिस कारण जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ? यदि हां, तो सरकार निर्माण कार्य प्रारम्भ करने पर विचार कर रही है ? | **लोक निर्माण** |
| श्री यतीश्वरानन्द<br>06.01.2014 | 29. क्या वन एवं पर्यावरण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार में स्थित सिडकुल क्षेत्र की औद्योगिक इकाईयों में से कैमिकल युक्त पानी पीने से ग्राम पंचायत सलेमपुर महदुद में दर्जनों गायों की मौत हो गयी थी ? यदि हां, तो क्या सरकार ने उस औद्योगिक इकाई के उपर कोई कार्यवाही की है और किन किन लोगों के उपर कार्यवाही की है उनके नाम और पते क्या थे और उस औद्योगिक इकाई का नाम क्या है जिससे कैमिकल युक्त पानी का रिसाव हो रहा है ? यदि हां, तो क्या कार्यवाही की गयी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **वन एवं पर्यावरण** |
| श्री यतीश्वरानन्द<br>06.01.2014 | 30. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार में विधा सभा क्षेत्र हरिद्वार ग्रामीण के अन्तर्गत ग्राम पंयायत कांगडी से लेकर ग्राम पंचायत सजनपुर पीली तक 6 कि0मी0 लम्बी पुरानी हरिद्वार रोड का निर्माण कार्य एवं उसके मध्य पड़ने वाले मुढाल स्रोत पुल का निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री नवप्रभात 06.01.2014 | 31. **तृतीय मंगल के अता0 10 में स्थाना0** क्या कार्मिक मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में सुनिश्चित कैरियर प्रोनन्नयन (ए0सी0पी0) का प्रावधान किस तिथि से लागू किया गया ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि चतुर्थ वर्गीय राज्य कर्मचारियों को भी इसी तिथि से ए0सी0पी0 का लाभ दिया गया है ? यदि नहीं, तो इन्हे किस तिथि से ए0सी0पी0 का लाभ दिया गया तथा तिथि में अन्तर का क्या कारण है ? | **कार्मिक** |
| श्री पुष्कर सिंह धामी 07.01.2014 | 32. **तृतीय बुधवार के अता0 07 में स्थाना0** क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलनकारी को आरक्षण दिये जाने संबंधी हाई कोर्ट के निर्णय आने से पूर्व के उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग से नायब तहसीलदार के पद पर चयनित तथा चयनोपरान्त ट्रेनिंग पूर्ण कर चुके अभ्यर्थियों को नायब तहसीलदार के पद पर नियुक्ति दे दी गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **कार्मिक** |
| श्री दलीप सिंह रावत 07.01. 2014 | 33. क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के लैन्सडौन विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत राजकीय महाविद्यालय रिखणीखाल के भवन निर्माण हेतु धनावंटित किया गया है ? यदि हां, तो कितना ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **उच्च शिक्षा** |
| श्री दलीप सिंह रावत 07.01.2014 | 34. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी के लैन्सडाउन विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत कितने निर्माणधीन मोटर मार्गों में बड़े पुलों की आवश्यकता है तथा उक्त पुलों की स्वीकृति न मिलने के क्या कारण है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि लोक निर्माण विभाग द्वारा उक्त पुलों के निर्माण हेतु धन आवंटित किया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री दलीप सिंह रावत 07.01.2014 | 35. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के लैन्सडाउन विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत स्वीकृत मोटर मार्गों सीरोवाड़ी–अमलेसा–धौलखेतखाल, मैदौली–परिदा–बौठा–डेरियालखॉल, टकोलीखाल –वनगढ़–छानीखाल, कोठिला, बाडाडाडा को अनापत्ति प्रमाण पत्र न देने के कारण है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि उक्त मामले कब से लम्बित है और उनका विवरण क्या है ? | **वन** |
| श्री दलीप सिंह रावत 07.01.2014 | 36. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जिम कार्बेट नेशनल पार्क में वार्डर के पद पर चयन का मापदण्ड क्या है ? | **वन** |
| श्री चन्द्रशेखर 07.01.2014 | 37. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के ज्वालापुर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम लालवाला, खालसा से लालवाला मजबता तक 2 कि0मी0 सड़क क्षतिग्रस्त हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण करने हेतु विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री चन्द्रशेखर<br>07.01.2014 | 38. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के ज्वालापुर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम गाजामजरा से ग्राम टाण्डा हसनगढ़, झीवरेडी होते हुए खेडीसिकोहपुर तक 13 कि0मी0 मार्ग का निर्माण न होने के कारण क्षेत्र की जनता में अत्यधिक आक्रोश है ? यदि हां, तो क्या सरकार इस मार्ग का निर्माण कराने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री चन्द्रशेखर<br>07.01.2014 | 39. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के ज्वालापुर विधान सभा क्षेत्र में एक पुल ग्राम मीरपुर मुवाजरपुल के रास्ते में तथा दुसरा पुल ग्राम हसना वाला में क्षतिग्रस्त है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त दोनों पुलों के शीघ्र निर्माण पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री चन्द्रशेखर<br>07.01.2014 | 40. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के ज्वालापुर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम डाल्लू वाला मचबतासे ग्राम डालूवाला खुर्द व ग्राम आसफ नगर होते हुए कोटामुराद नगर तक 10 कि0मी0 सड़क क्षतिग्रस्त है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री तीरथ सिंह रावत<br>09.01.2014 | 41. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा जनपद पौड़ी में कृषि निदेशालय स्थापित किया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **कृषि** |
| श्री यतीश्वरानन्द<br>09.01.2014 | 42. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र हरिद्वार ग्रामीण के अन्तर्गत पड़ने वाले ग्राम पंचायत नशीरपुर खुर्द, गुज्जर बस्ती पदार्था, जमालपुर कला के रमा विहार मधूर विहार व अनुसूचित जाति बस्ती, तिलकपुरी, बाडीटीप, बाहार पीली, अन्दर पीली डालपुरी, टिकोला धारीवाला हरसीवाल आदि गांव में बिजली के तारों की स्थिति काफी जीर्ण शीर्ण हो गयी है जिससे आये दिन दुर्घटना घटती रहती है ? यदि हां, तो क्या सरकार बिजली के तार खम्बे आदि बदलवाने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **ऊर्जा** |
| श्री ललित फर्स्वाण<br>16.01.2014 | 43. क्या वन मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर के तहसील कांडा धरमघर में वन विभाग के विश्राम गृह के निर्माण हेतु मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा सं0 613/2012, दिनांक 07 जून, 2012 को घोषणा की है ? यदि हां, तो इस हेतु धनराशि आवंटित हो चुकी है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **वन** |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>09.01.2014 | 44. क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र यमकेश्वर की लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्माणाधीन सड़कों पुलों का कार्य दो वर्ष से बन्द है ? यदि हां, तो उक्त सड़कों एवं पुलों का कार्य स्थगित करने के क्या कारण हैं ? क्या इन अपूर्ण सड़कों एवं पुलों का निर्माण सरकार अति शीघ्र करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री तीरथ सिंह रावत<br>10.01.2014 | 45. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड में स्थित बॉर्डर रोड निर्माण कार्य बी0आर0ओ0 से राज्य लोक निर्माण विभाग को देने की कोई योजना विचाराधीन है ? | **लोक निर्माण** |
| डा0 जीतराम<br>22.01.2014 | 46. **नियम 30 (19) के आधार पर निरस्त।**<br>क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2012–13 तथा 2013–14 में स्वीकृत आर्थिक सहायता का विधानसभावार विवरण क्या है तथा क्या अब तक स्वीकृत सभी आर्थिक सहायता अवमुक्त कर लाभार्थियों को उपलब्ध कराई जा चुकी है ? यदि हां, तो आर्थिक सहायता स्वीकृत करने का मापदण्ड क्या है तथा क्या सभी आर्थिक सहायता निर्धारित मापदण्डों के अनुसार स्वीकृत की गई है ? | **मुख्यमंत्री कार्यालय** |
| श्री मयूख महर<br>22.01.2014 | 47. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा के प्रथम सत्र 2014 के तारांकित प्रश्न 11 के उत्तर के संदर्भ में तहसील पिथौरागढ़ में सेना द्वारा अधिग्रहित 666.653 हे0 भूमि किन किन गावों व तोकों से अधिग्रहित की गई थी ? इस अधिग्रहित भूमि में इन गावों की कौन कौन सी पेयजल योजनायें, स्कूल, अस्पताल तथा मन्दिर जाने के कौन कौन से मार्ग थे जो अब सेना की भूमि के अन्तर्गत आते हैं ? उत्तर में वर्णित 17 पैमाईशी रास्ते कौन कौन से हैं व इन्हे क्या सेना द्वारा बन्द किया गया है ? यदि हां, तो किस किस को वर्तमान में सेना द्वारा आवासीय परिसर के निर्माण उपरान्त इनमें से कितने मार्गों को बन्द किये जाने की संभावना है तथा इन बन्द रास्तों का शासन के पास क्या विकल्प है ? क्या ग्रामीणों की सुविधा के लिए बन्द मार्गों को खुलवाने के लिए तथा भविष्य में बन्द न होने के लिए सरकार कोई प्रयास कर रही है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **सामान्य प्रशासन** |
| श्री मयूख महर<br>22.01.2014 | 48. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा के प्रथम सत्र 2014 के प्रश्न संख्या 16 के संदर्भ में नैनी–सैनी–कुम्डार मोटर मार्ग से कनारी–सौड़–लेख मोटर मार्ग के निर्माण हेतु स्वीकृत 05 कि0मी0 हेतु आवंटित 89 लाख रूपये में से 71.29 लाख में विभाग द्वारा कितने कि0मी0 मार्ग का निर्माण कर दिया गया है ? उक्त निर्मित मार्ग में कितने कि0मी0 तक वाहन संचालित किये जा रहे हैं ? क्या मंत्री उक्त कार्य की एम0बी0 की प्रति सदन को उपलब्ध करायेंगे ताकि उक्त कार्य की वस्तु स्थिति से सदन अवगत हो सके ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री मयूख महर<br>22.01.2014 | 49. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा के प्रथम सत्र 2014 के अता0 प्रश्न संख्या 16 में रई–मड़–रोड़ीपाली मोटर मार्ग की लम्बाई 10 कि0मी0 हेतु स्वीकृत 178 लाख के सापेक्ष 176.14 लाख व्यय होने के उपरान्त भी मात्र 06 कि0मी0 रोड बनी है जबकि 04 कि0मी0 रोड बनना शेष है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि उक्त धनराशि किस मद में व्यय हुई तथा 4.5 कि0मी0 दीवार किस–किस कि0मी0 में लगायी गयी है ? क्या मंत्री जी उक्त कार्य की एम0बी0 सदन के पटल में रखेंगे तथा शेष कार्य हेतु 5.5 कि0मी0 दीवार की आश्यकता है उसके लिए धन का प्रावधान कैसे किया जायेगा ? क्या सरकार द्वारा इस कार्य की धनराशि अन्यत्र व्यय की गई है तथा इसकी जांच विभाग द्वारा की जायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री ललित फर्स्वाण<br>22.01.2014 | 50. **द्वितीय शुक्र0 के अता0 06 में स्थाना0**<br>क्या उद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पर्वतीय क्षेत्रों के औद्योगिक विकास हेतु विशेष एकीकृत औद्योगिक प्रोत्साहन नीति का लाभ सेवा क्षेत्र की ईकाईयों को देने के लिए सरकार कोई कदम उठा रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **उद्योग** |
| श्री ललित फर्स्वाण<br>22.01.2014 | 51. क्या वन मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर के उच्च हिमालयी क्षेत्र मल्ला दानपुर को अलग वन रेन्ज बनाये जाने के संबंध में मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा सं0 614/2012, दिनांक 07 जून, 2012 को घोषणा की है ? यदि हां, तो यह वन रेन्ज कब तक अस्तित्व में आ जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **वन** |
| श्री ललित फर्स्वाण<br>23.01.2014 | 52. क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर के कपकोट डिग्री कालेज के भवन निर्माण हेतु मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा सं0 609/2012, दिनांक 07 जून, 2012 को धन आवंटन की घोषणा की गई है ? यदि हां, तो कितना धन आवंटित किया गया है ? यदि नहीं, तो कब तक धन आवंटित किया जायेगा ? | **उच्च शिक्षा** |
| श्री ललित फर्स्वाण<br>23.01.2014 | 53. **पुनरावृत्ति के आधार पर निरस्त।**<br>क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पर्वतीय जनपदों में वर्ष 2010 से 2012 के मध्य दैवीय आपदा या अन्य कारणों से गिरे वृक्षों का निस्तारण किया जा चुका है ? यदि हां, तो इससे जनपद वार कितना राजस्व प्राप्त हुआ ? यदि नहीं, तो राजस्व हानि की जिम्मेदारी किसकी होगी ? | **वन** |
| श्री सहदेव सिंह पुण्डीर<br>23.01.2014 | 54. **चतुर्थ सोमवार के अता0 01 में स्थाना0**<br>क्या औद्योगिक विकास मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के सहसपुर विधान सभा के अन्तर्गत सेन्ट्रल हॉप टाउन के औद्योगिक क्षेत्र में पार्किंग की सुविधा उपलब्ध न होने से जाम लगा रहता है ? यदि हां तो आये दिन लगने वाले जाम के समाधान हेतु औद्योगिक क्षेत्र में पार्किंग की सुविधा उपलब्ध कराने पर सरकार विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **औद्योगिक विकास** |
| श्री सहदेव सिंह पुण्डीर<br>23.01.2014 | 55. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून के सहसपुर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत वन विभाग के क्षेत्र में स्वीकृत सड़कों के निर्माण हेतु कार्यवाही किस स्तर पर है ? | **लोक निर्माण** |
| श्री सहदेव सिंह पुण्डीर<br>23.01.2014 | 56. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून के विधान सभा क्षेत्र सहसपुर के अन्तर्गत गुलाटा नदी पर पुल निर्माण प्रस्तावित है ? | **लोक निर्माण** |
| डा0 जीतराम<br>23.01.2014 | 57. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि रूइसांण, बुरसोल, बूंगा व रतगांव थराली जिला चमोली में ग्रिड से विद्युतीकरण किया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **ऊर्जा** |

| | | |
|---|---|---|
| डा0 जीतराम<br>24.01.2014 | 58. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत लम्बित मोटर मार्गों का विवरण का दिनांक 12 सितम्बर, 2013 का पत्रांक 15184/सम/6–निर्माण/2012–13 के साथ प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग उत्तराखण्ड शासन को कब प्राप्त हुआ तथा विवरण में अंकित मोटर मार्गों के निर्माण हेतु की गई कार्यवाही का मार्गवार विवरण क्या है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि कब तक लम्बित मोटर मार्गों के निर्माण हेतु वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति जारी की जायेगी ? | **लोक निर्माण** |
| श्री ललित फर्स्वाण<br>24.01.2014 | 59. **पुनरावृत्ति के आधार पर निरस्त।**<br>क्या वन मंत्री अवगत हैं कि जनपद अल्मोड़ा में जनवरी, 2013 में विभिन्न क्षेत्रों में वृक्षों के अवैध कटान के बाद वन विभाग व वन निगम के कर्मचारियों/अधिकारियों के मध्य तनाव हुआ था ? यदि हां, तो क्या सरकार संबंधित उच्चाधिकारियों के विरूद्ध कोई कार्यवाही अमल में लाई जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **वन** |
| श्री चन्दन राम दास<br>23.01.2014 | 60. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद बागेश्वर घाटी डोवा गिरेछीना मोटर मार्ग कितना कि0मी0 स्वीकृत है व कब टैण्डर हुए तथा कब से काम शुरू हुआ ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि बौण्ड के अनुसार उक्त रोड को कब पूरा होना था तथा 5 वर्षों से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी विभाग द्वारा निर्माण कार्य पूर्ण नहीं होने पर इसकी जिम्मेदारी किसकी है तथा सरकार द्वारा इस पर कोई कार्यवाही की जायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री चन्दन राम दास<br>23.01.2014 | 61. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विगत 5 वर्षों में विधान सभा क्षेत्र जनपद बागेश्वर में राज्य योजना में कितने पुल एवं कितनी धनराशि स्वीकृत हैं तथा पुलों के निर्माण में अत्याधिक विलम्ब कोने का क्या कारण है ? | **लोक निर्माण** |
| श्री मदन कौशिक<br>23.01.2014 | 62. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा कृषि निदेशालय के मुख्यालय को वर्तमान स्थान से अन्यत्र स्थापित करने का निर्णय लिया गया है ? यदि हां, तो कब ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **कृषि** |
| श्री मदन कौशिक<br>23.01.2014 | 63. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में स्थाई निवास प्रमाण पत्र निर्गत करने की नीति क्या है ? क्या प्रक्रिया को सरलीकरण करने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **सामान्य प्रशासन** |
| श्री ललित फर्स्वाण<br>22.01.2014 | 64. क्या सैनिक कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद बागेश्वर के लोगों को उपनल के माध्यम से नियुक्ति प्रदान की गयी है ? यदि हां, तो कितने लागों को ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **सैनिक कल्याण** |

# नत्थी- ''ख''

## वित्तीय वर्ष 2014-2015 के आय-व्ययक की धनराशि में कमी करने के प्रस्ताव

**अनुदान संख्याः- 12 चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग, 19 ग्राम्य विकास विभा, 25 खाद्य विभाग, 26 पर्यटन विभाग, 29 औद्यानिक एवं रेशम विभाग, 11 शिक्षा, खेल एवं युवा कल्याण तथा संस्कृति विभाग, 13 जलापूर्ति, आवास एवं नगर विकास विभाग, 17 कृषि कर्म एवं अनुसंधान विभाग**

**प्रस्तावक का नाम**

1. श्री अजय भट्ट
2. श्री तीरथ सिंह रावत
3. डा0 रमेश पोखरियाल ''निशंक''
4. श्री हरबंस कपूर
5. श्री बिशन सिंह चुफाल
6. श्री मदन कौशिक
7. श्री बंशीधर भगत
8. श्रीमती विजय बड़थ्वाल
9. श्री हरभजन सिंह चीमा
10. श्री अजय टम्टा
11. श्री चन्दन राम दास
12. श्री गणेश जोशी
13. श्री सुरेन्द्र सिंह जीना
14. श्री अरविन्द पाण्डेय
15. श्री प्रेम चन्द अग्रवाल
16. श्री दान सिंह भण्डारी
17. श्री मालचन्द
18. श्री राजेश शुक्ला
19. डा0 प्रेम सिंह राणा
20. श्री भीम लाल आर्य
21. श्री चन्द्रशेखर
22. श्री पूरन सिंह फर्त्याल
23. श्री संजय गुप्ता
24. श्री आदेश चौहान
25. श्री दलीप सिंह रावत
26. श्री सहदेव सिंह पुण्डीर
27. श्री महावीर सिंह रांगड़
28. श्री पुष्कर सिंह धामी
29. स्वामी यतीश्वरानन्द

**प्रस्ताव का प्रारूप**

सम्पूर्ण अनुदान के अधीन मांग की राशि घटाकर एक रूपया कर दी जाय। कमी करने का उद्देश्य विभागीय नीति की आलोचना करना तथा सुझाव देना।